कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – डी0 आई0 सी0/2024/1171, दिनांक – 01 मई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

उत्तराखण्ड शासन द्वारा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के शैक्षणिक सत्र 2024-25 की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ कर दिये गये हैं। पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड शासन की वैबसाईट https://ukadmission.samarth.ac.in/ के माध्यम से रू0 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा वैबसाईट में लॉग-इन करके पंजीकरण आवेदन पत्र जमा करना होगा। अभ्यर्थी विभिन्न स्नातक परम्परागत पाठ्यक्रमों/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों, जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता इण्टरमीडिएट निर्धारित की गयी है के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण कर सकेंगे। अभ्यर्थी को प्रत्येक परिसर/महाविद्यालय/संस्थान तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक-पृथक पंजीकरण आवेदन पत्र भरना होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा करना होगा। अतः कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की स्नातक कक्षाओं (बी0 ए0, बी0 एस-सी0, बी0 कॉम0 तथा व्यवसायिक पाठ्यक्रम-जहाँ पर प्रवेश हेतु अर्हता 10+2 निर्धारित है) के प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण किये जाने हेतु अन्तिम तिथि **31 मई, 2024** निर्धारित की जा रही है।

अन्तिम तिथि के उपरान्त स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण करवाया जाना सम्भव नहीं होगा। विस्तृत जानकारी उत्तराखण्ड शासन की वैबसाईट https://ukadmission.samarth.ac.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 – आर0 ओ0/डी0 आई0 सी0/2024/1171, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक – 02 मई, 2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव